आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 नवम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण–गीडा के छत्तीसवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने चार सौ आठ करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ ही यूपी स्टेट ट्रेड शो का उद्घाटन भी किया। उन्होंने ट्रेड शो में लगे विभिन्न उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर गीडा में छः हजार एक सौ उन्तालीस करोड़ रूपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष विभिन्न निवेशकों को हुए भूखण्ड आवंटन का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने निवेश का माहौल बनाया है।

आज परिणाम है कि उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार आने के बाद आज उत्तर प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। 15 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतारे जाते हैं। 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव इसी दिसंबर महीने में हम जमीनी धरातल पर उतारेंगे और लाखों नौजवानों को नौकरी और रोजगार अपने ही जनपद में, अपने ही प्रदेश में आज सुलभ करवाने का एक बड़ा कार्य प्रारंभ हुआ है।

****

मकर संक्रांति के अवसर पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर बीस दिसम्बर तक मेले से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कह कि खिचड़ी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और उनकी सहूलियत प्राथमिकता होनी चाहिए। सुनिश्चित किया जाय की श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। एक रिपोर्ट–

तैयारी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि मेले का सजीव प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिये किया जायेगा ताकि वे लोग भी मेले में वर्चुटल सहभागी हो सकें, जो किन्हीं कारणों से इसमें शामिल नहीं हो पायेंगे। मुख्यमंत्री ने खिचड़ी मेला में स्वच्छता और सफाई का विशेष ध्यान देते हुए नगर निगम को इसे जिरो वेस्ट इवेंट बनाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिये खिचड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जायेगा साथ ही विभिन्न मार्गों पर परिवहन निगम के बसों का संचालन भी होगा। समाचार कक्ष से अरूण।

****

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बैठक में संसद के दोनों सदनों के राजनीतिक दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र पहली दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उनके पारित होने की संभावना है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिन्दी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

****

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरने और उसे डिजिटाइज करने की अन्तिम तिथि चार दिसम्बर है। इसे लेकर प्रदेश के सभी जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की ओर से मतदाताओं से अपील की जा रही है कि वे अपने गणना प्रपत्र समय से भर कर जमा कर दें। गोरखपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि गणना प्रपत्र में यदि दो हजार तीन से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध नही है तो जो जानकारी मतदाताओं के पास है उसे ही भर कर गणना प्रपत्र जमा कर दें। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र नहीं जमा होने से मतदाता सूची से नाम कट जायेगा। इसी तरह अभियान में तेजी लाने के लिये पीलीभीत जिले में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र–छात्राओं द्वारा आज जागरूकता रैली निकाली गयी। हमीरपुर में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी घनश्याम मीणा ने बारह पर्यवेक्षकों का वेतन रोक दिया तो वहीं श्रावस्ती के जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी पाण्डेय ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया।

****

लखनऊ में चल रहे सैयद मोदी इण्डिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर 300 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आज हुए महिला एकल के सेमीफाइनल में उन्नति हुड्डा को हार का समना करना पड़ा। उन्हें तुरकिये की निर्स्लिहान एरिन ने इक्कीस–पन्द्रह और इक्कीस दस से मात दी। इसी के साथ महिला एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी।

****